पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने ट्रामा सेंटर जाकर विधायक श्री सुभाष के हालचाल लिए

लखनऊ 5 फरवरी, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ जाकर समाजवादी पार्टी के विधायक श्री सुभाष पासी का हालचाल लिया तथा उनके परिजनों से बात भी की। राज्यपाल ने चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 एम0एल0बी0 भट्ट से भी वार्ता की और विधायक श्री सुभाष पासी के चिकित्सीय देखभाल के लिए उचित दिशा-निर्देश भी दिया। श्री सुभाष गाजीपुर के सैदपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

उल्लेखनीय है कि आज सदन में जब राज्यपाल दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को सम्बोधित कर रहे थे, तो श्री सुभाष पासी विधायक सदन में मूर्छित होकर गिर गये थे। श्री सुभाष को इलाज के लिए किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। श्री नाईक ने विधायक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

अंजुम/दिलशाद/राजभवन (46/9)

केवल चिकित्सकों हेतु !
बचाव